>

Title: Need to provide houses under Indira Awas Yojana to all the eligible persons in Uttar Pradesh.

श्री मिथिलेश कुमार (शाहजहांपुर): मैं सदन के माध्यम से अवगत कराना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार ने इंदिरा आवास योजना के तहत जो धनराशि जारी की है, उस राशि से इंदिरा आवास योजना के अंतर्गत जिन मकानों का निर्माण हो रहा है, वह केवल चुनिन्दा गांवों जैसे कि अम्बेडकर गांव को न आबंटित कर समानता के आधार पर सभी गांवों के गरीबों को दिया जाये ताकि प्रदेश के सभी गांवों के मजदूर एवं गरीब इस योजना से लाभ उठा सकें।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि सभी गरीब मजदूरों के हित को ध्यान में रखते हुए इस योजना को उत्तर प्रदेश के सभी गांवों में लागू किया जाये।